न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, चौथ का बरवाड़ा

मु0नं0ः—12 / 2026 | तारीख रजूः—12.06.2026

जी.सी.एम.एस. नं0ः— 2026 / 72

पीठासीनअधिकारी :—जोगेन्द्र सिंह (आर.ए.एस.)

1. सरकार जरिये तहसीलदार, चौथ का बरवाड़ा।

—प्रार्थी

बनाम

1. सरकार

—अप्रार्थी

उपस्थित—

वकील प्रार्थी :—तहसीलदार, चौथ का बरवाड़ा (पैरोकार सरकार)

निर्णय दिनांकः—12.05.2026

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 (ए) आर0 टी0 एक्ट

—: निर्णय :—

1. आवेदक तहसीदार, चौथ का बरवाड़ा ने अपने पत्रांक भू0अ0 / 2025 / 715 दिनांक 06.04.2026 द्वारा ग्राम नाहरी खुर्द ग्राम पंचायत झोपड़ा में सदियों पुराने मार्ग का राजस्व नक्शे में अंकन करने हेतु प्रस्ताव इस कार्यालय को इस प्रकार भिजवाया है कि—

- ❖ नाहरीखुर्द से झरकुण्ड जाने वाला रास्ता वर्तमान में मौके पर चालू है जिसमें कुछ दूरी तक सीसी रोड बनी हुई है तथा कुछ दूरी पर कच्चा रास्ता (ग्रेवल) है।
- ❖ उक्त रास्ता राजस्व ग्राम नाहरीखुर्द मय झरकुण्ड के खसरा नम्बर 286, 287, 295, 300, 276 एवं 269 से गुजर रहा है जो मौके पर चालू है. परन्तु राजस्व रिकार्ड में अंकन नहीं है।
- ❖ प्रचलित रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में गै0मु0 रास्ता अंकन करने हेतु प्रस्तावित रास्ता निम्नानुसार है—

क्र.सं.	खसरा नंबर	प्रस्तावित रास्ते का विवरण
1	286	105 मीटर लम्बा एवं 5 मीटर चौड़ा
2	295	150 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा
3	287	40 मीटर लम्बा व मीटर चौड़ा
4	300	68 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा
5	276	12 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा
6	269	76 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा
		451 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा

Signature Not Verified
Digitally signed by Jogendra Singh
Date: 2026.05.15 12:00:28 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा (स0 मा0)

2. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया।

3. तहसीलदार, चौथ का बरवाड़ा के आवेदन पत्र अनुसार नाहरीखुर्द से झरकुण्ड जाने वाला रास्ता वर्तमान में मौके पर चालू है जिसमें कुछ दूरी तक सीसी रोड बनी हुई है तथा कुछ दूरी पर कच्चा रास्ता (ग्रेवल) है। इस प्रकार उक्त रास्ते पूर्व से ही रास्ते के रूप में आ रहे है, जो की कदीमी रास्ते हैं।

4. उपरोक्त विवेचन के आधार पर खसरा नंबर 286 रकबा 0.34 है0, खसरा नंबर 295 रकबा 1.27 है0, खसरा नंबर 287 रकबा 1.80 है0, खसरा नंबर 300 रकबा 1.14 है0, खसरा नंबर 276 रकबा 0.13 है0 व खसरा नंबर 269 रकबा 0.41 है0 कुल किता 06 कुल रकबा 5.09 है0 में से गै0मु0 रास्ता दर्ज किया जाना उचित है।

–:आदेशः–

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार, चौथ का बरवाड़ा को आदेशित किया जाता है कि निम्नानुसार राजस्व रिकॉर्ड में गै0मु0 रास्ता दर्ज करें--

क्र.सं.	खसरा नंबर	प्रस्तावित रास्ते का विवरण
1	286	105 मीटर लम्बा एवं 5 मीटर चौड़ा
2	295	150 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा
3	287	40 मीटर लम्बा व मीटर चौड़ा
4	300	68 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा
5	276	12 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा
6	269	76 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा
		451 मीटर लम्बा व 5 मीटर चौड़ा

रास्ते की तरमीम आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में संलग्न नक्शा ट्रेस अनुसार की जावे। निर्णय आज दिनांक 12.05.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(जोगेन्द्र सिंह)
उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा (स० मा०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Jogendra Singh
Date: 2026.05.15 12:00:28 IST
Reason: SelfAttested